70 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला के एक हाथ में छड़ी तो दूसरे में दवाई की पर्ची, निगमायुक्त ने सहारा देकर उतारा

भिलाई नगर। निगम आयुक्त अपने निरंतर मॉर्निंग विजिट के दौरान सुन्दर नगर के प्रेमनगर पहुंचे थे, वहां एक 70 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला शकुंतला गुप्ता जो अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने के पश्चात दवाई लेकर मोबाइल मेडिकल यूनिट से नीचे उतर रही थी , एक हाथ में दवाई तो दूसरे हाथ में छड़ी थी, निगम आयुक्त की नजर बुज़ुर्ग महिला पर पड़ी, उन्होंने दवाई की पर्ची हाथ में लेकर बुज़ुर्ग महिला को सहारा देकर नीचे उतारा! महिला के स्वास्थ्य को लेकर उन्होंने उनसे प्राप्त दवाईयों के बारे में पूछा और उन्हें सकुशल घर पहुंचाने कहा। निगमायुक्त ने बुज़ुर्गों की तकलीफों को देखते हुए सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में ऐसे वृद्धजनो के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए और आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भिलाई निगम के सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट में वृद्धजनों/दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था हो गई है!

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे आज राधिका नगर पहुंचे , वहां उन्होंने वरिष्ठ नागरिको से मुलाकात की उनका कुशलक्षेम जाना , उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। वहीं बुज़ुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आयुक्त के निर्देश पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां 102 वृद्धजनों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में प्रायः बीपी , शुगर, आरएफटी, एलएफटी, यूरिक एसिड, वृद्ध महिलाओं ने थायराइड का चेकअप करवाया। आयुक्त ने राधिका नगर के वैक्सीनेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया। टीकाकरण केन्द्र में व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

वृद्धा आश्रम पहुंचकर निगम आयुक्त ने बुज़ुर्गों का किया सम्मान

निगम आयुक्त श्री सर्वे सेक्टर 03 के फील परमार्थम वृद्धा आश्रम पहुंचे वहां उन्होंने वृद्धों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और सभी 20 वृद्धजनो को थर्मस एवं श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। इसी प्रकार से सेक्टर 02 आस्था बहुउदेद्शीय संस्था के 26 बुजुर्गो का सम्मान किया गया। वहीं कोविड में अच्छा कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि , अजय शुक्ला एवं फील परमार्थम के संचालक अमित राज विशेष रूप से मौजूद रहे।